


53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:03, सूर्यास्त - 6:25 | वर्ष : 53/अंक : 254 रविवार, 14 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

खामोशियां जिसे अच्छी लग जाएं वो फिर बोला नहीं करते।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी एटम बम, हाइड्रोजन बम की बातें कर रहे हैं, जो उनके बढ़ते फ्रस्ट्रेशन का नतीजा है : केशव प्रसाद मौर्य



ये तो अच्छा है कि सिर्फ हाइड्रोजन बम की बात ही....कर रहे हैं.....

# नगर में अतिक्रमण पर प्रशासन ने और तेज की धार, भागते-दौड़ते दिखे दुकानदार

## शिव चौक, भगत सिंह रोड, शामली रोड सहित मीनाक्षी चौक पर नो पार्किंग पर हुए 140 चालान, 70 हजार की हुई वसूली

**मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर शहर में शनिवार को भी पालिका प्रशासन और ट्रैफिक विभाग संयुक्त रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने की अपनी मुहिम की धार और तेज की तो अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वे अपनी दुकानों के बाहर से सामान खुद हटाते हुए नजर आए। इस दौरान कई दुकानदार कार्रवाई से बचने के लिए भागते-दौड़ते से दिखे। शहर के सबसे व्यस्तम शिव चौक, भगत सिंह रोड और शामली रोड सहित मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण का व्यापक असर देखने को मिला। इन सड़कों पर कई दुकानदारों ने अपनी 10 फुट की दुकानों के आगे 10 फुट तक बढ़ाकर सामान बाहर रखा हुआ था, जिससे पैदल चलने वालों और वाहनों को काफी दिक्कत हो रही थी।

आज सुबह से ही स्थानीय चौकी पुलिस और ट्रैफिक प्रशासन के अधिकारी इन इलाकों में पहुंच गए और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने खुद अतिक्रमण नहीं हटाया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती का असर तुरंत देखने को मिला। कई दुकानदार खुद ही अपनी दुकानों के बाहर से सामान हटाने लगे, वहीं कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई से बचने के लिए सामान समेटना शुरू कर दिया। इस कार्रवाई से आम जनता ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि अतिक्रमण की वजह से सड़कों पर जाम की समस्या बढ़ गई थी और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। प्रशासन की इस मुहिम से सड़कों पर जगह बन पाएगी और यातायात सुचारू रूप से चल पाएगा। प्रशासन के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी सूरत में अतिक्रमण नगर में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




जब दरोगा जी ने डंडे से की खून की जांच




तो क्या बैंक से लोन पर मिलेगी सब्जियां?








### मीनाक्षी चौक, शामली रोड, भगत सिंह रोड और शिव चौक पर यातायात पुलिस का अभियान जारी

**मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)।** यातायात पुलिस ने बुधवार को शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शिव चौक, भगत सिंह रोड, शामली रोड और मीनाक्षी चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के

**नो पार्किंग पर काटे 140 चालान, 70 हजार की वसूली**

खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान में कुल 140 वाहनों के चालान किए गए। इन सभी चालानों से करीब 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे की अगुवाई में टीएसआई राकेश कुमार, उप निरीक्षक देवकी नंदन, उप निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, कांस्टेबल अतेंद्र कुमार, मोहित शर्मा, पंकज त्यागी सहित कोतवाली चौकी आबकारी प्रभारी मोहित कुमार, शामली स्टैंड प्रभारी, थाना सिविल लाइन और थाना खालापार पुलिस ने अभियान को सफल बनाने के लिए दिन और रात पैदल गश्त कर अवैध अतिक्रमण को हटवाने के साथ नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान कर सख़्त संदेश देने का काम किया है।

टीएसआई राकेश कुमार ने बताया कि "शहर में अक्सर नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके और लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सके। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें।"

*************************

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि, "इस बार अवैध अतिक्रमण को लेकर छेड़े गए अभियान को लेकर जनता का सहयोग अगर ऐसे ही मिलता रहा तो हमें सख़्त रुख नहीं अपनाना पड़ेगा, लेकिन अगर टीम आई अतिक्रमण हटा और फिर अतिक्रमण किया गया तो एक-दो बार चेतावनी देने के बाद सीधे अवैध अतिक्रमण किए गए सामान की जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पालिका कर्तव्यबद्ध है, जिसको लेकर ये कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# रोज घूमती है गांधी कॉलोनी में आवारा युवकों की टोली, पब्लिक ने बताया आज चली गोली

**मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)।** पुलिस तो तब तक नहीं जागती जब तक कोई कांड न हो जाए, मगर स्वयं मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा दो बार गांधी कॉलोनी पुलिस के बारे में चर्चा करते हुए बताया गया कि यहां की पुलिस आवारा युवकों को रोकने में फेल है। ऐसे में आए दिन गांधी कॉलोनी के बिजलीघर के सामने वाली गली में शेरावाली कोठी के पास खूब आवारागर्दी बढ़ चुकी है। कभी पटाखा छोड़ती बुलेट बाइक, कभी गुटबाजी करते युवक खुलेआम देखे जा सकते हैं। बड़ी बात यह है कि इन युवकों को पुलिस की सह इसलिए मिल रही है, क्योंकि पुलिस इन युवकों से सहमति बनाकर इन्हें खूब छोड़ने का काम करती है। बड़ी बात यह है कि गांधी कॉलोनी के लोग भी संगठित होकर इस बात का विरोध कहीं करते दिखाई नहीं पड़ते, सिर्फ एक दूसरे से बातें कर सब अपने को अकेला मानते हैं और इन आवारा युवकों की आवारागर्दी आए दिन देखते हैं और खामोश होकर बैठ जाते हैं। शनिवार को सारी हदें उस समय पार हो गयी जब आधा दर्जन से अधिक युवकों ने खूब उत्पात मचाया। पब्लिक ने तो सूचना यह भी दी कि उक्त युवकों द्वारा आज गुटबाजी के चक्कर में गोलियां भी चलाई मगर पुलिस ने इस बात से साफ इंकार कर दिया, मगर जल्द ही वीडियो खंगालकर यह तस्वीर भी सामने पेश की जाएगी कि आखिर गोली चली है या नहीं। बड़ी बात यह है कि पुलिस को दो-दो बार सचेत करने के बाद भी आखिर पुलिस सारा दिन गांधी कॉलोनी में करती क्या है? गांधी कॉलोनी जैसे संभ्रान्त क्षेत्र में भी यदि गुण्डागर्दी हो रही है तो काहे का सुशासन होने का नई मण्डी थाना करता दिखाई पड़ता है। बताया जाता है कि एक स्कॉर्पियो जिसका नम्बर यूके 07 बीबी 5503 था, आवारा युवक इसी गाड़ी में सवार होकर गाड़ी को साइड में खड़ा कर-के गुण्डागर्दी करते दिखाई दिये। फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से 18-20 साल के बच्चे गाड़ी के आगे-पीछे खूब शेखी बिखेर रहे हैं। बुलेटिन द्वारा जब





गांधी कॉलोनी पुलिस से इस बारे में बात की गयी तो उन्होंने बताया कि राघव पुत्र आशीष (20) निवासी केशवपुरी, थाना उत्तरी सिविल लाइन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य साथी फरार हैं। एसएचओ नई मण्डी संतोष कुमार शर्मा का कहना है कि पकड़े गए युवक से पूछताछ जारी है, उन्हें गोली चलने की कोई सूचना नहीं मिली है।

## प्रेम सम्बंध में रहने के बाद बना शारीरिक रिश्ता दुष्कर्म नहीं : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद, 13 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम संबंध के मामले में एक अहम टिप्पणी करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक अहम मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि अगर महिला और पुरुष लंबे समय तक प्रेम संबंध में रहते हैं और सहमति से शारीरिक संबंध बनाते हैं, तो उसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता है। दरअसल न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की पीठ ने महोबा जिले के चरखारी थाना क्षेत्र की एक महिला की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया है। महिला ने अपने सहकर्मी लेखपाल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। पीड़िता का आरोप है कि 2019 में जन्मदिन की पार्टी के बहाने लेखपाल ने नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। बाद में आरोपी ने शादी का वादा किया, लेकिन चार साल बाद जातिगत ताना देकर शादी से इनकार कर दिया था। इस मामले को लेकर पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इसके बाद उसने एसी-एसटी की विशेष अदालत में परिवाद दाखिल किया था, जो खारिज हो गया था। इसी आदेश को चुनौती देते हुए महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

# ट्रैफिक विभाग ने शुरू की 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान की सख्ती, 51 चालान कटे

**मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)।** नगर में 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान के बावजूद बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चला रहे लोगों पर ट्रैफिक विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 51 वाहन चालकों का चालान किया। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के मुख्य पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवा रहे लोगों को रोका और उनके चालान किए। इस दौरान कई लोगों ने बहाने बनाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने किसी की नहीं सुनी और नियमानुसार चालान काटे। टीएसआई राकेश कुमार ने बताया कि "इस कार्रवाई का मकसद सिर्फ जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों को हेलमेट पहनने की आदत डालना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में ऐसे और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनकर ही घर से निकले, ताकि आप अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित कर सकें।





# शहर कोतवाली ने किए लाइटर गन की तरह दिखने वाले हथियार जब्त

**मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु)।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली के नजदीक पड़ने वाले जनरल स्टोर से अवैध खिलौने की तरह दिखने वाले हथियारों को जब्त किया है। यह हथियार की तरह दिखने वाले खिलोने पुलिस के सर का दर्द बने हुए थे। यह कार्रवाई शहर कोतवाल उमेश रोरिया के नेतृत्व में की गई है। दुकानदार ये हथियार नुमा लाइटर खिलौने 1000 रुपए, 650 रुपए, 400 रुपए तक बेचे जाते थे। यह कार्रवाई राम लीला टीला के दो युवकों की पिस्तौलों के साथ फोटो सोशल







मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई है। जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारयों ओर थाना प्रभारियों को ऐसे लोगों पर नकेल कसने के आदेश दिए। वहीं तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए शहर कोतवाल उमेश रोरिया ने खिलौने लाइटर हथियारों को जब्त करने का अभियान चलाकर दर्जनों ऐसे हथियार जब्त किए। सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला टीला के युवकों को हथियार सहित फोटो वायरल होने के बाद मामले की जांच की गयी तो यह लाइटर गन थी जो अवैध हथियारों की श्रेणी में नहीं आती, यह एक टॉय गन है। अन्य तथ्यों के आाार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

## बीजापुर मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बीजापुर, 13 सितंबर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पश्चिमी क्षेत्र में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एक 12 बोर बंदूक, एक बीजीएल लांचर और पर्याप्त मात्रा में विस्फोटक सामग्री समेत अन्य नक्सली सामग्री बरामद की है। यह ऑपरेशन माओवादियों की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने जिले के पश्चिमी इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ की। कार्रवाई में एक नक्सली मारा गया, जबकि अन्य घायल अवस्था में फरार होने में सफल रहे। मौके से बरामद हथियारों और विस्फोटकों से इस बात के संकेत मिलते हैं कि नक्सलियों ने इस इलाके में अपना ठिकाना बनाया हुआ था। सुरक्षा बलों द्वारा अभियान अभी जारी है और घायल नक्सलियों की तलाश की जा रही है। ऑपरेशन की संवेदनशीलता को देखते हुए अभी और जानकारी साझा नहीं की जा रही है।

# डंपर ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, चालक की मौत

बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)। रेत से भरे डंपर ने ईंटों से भरे ट्रैक्टर ट्रोले में टक्कर मार दी, जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी, जबकि भाई गंभीर घायल हो गया। शामली जिले के गांव लांक का निवासी विकास व उसका भाई कन्हैया गांव के ईंटों के भट्टे से ईंटें लेकर मेरठ सप्लाई करने का काम करते है। शनिवार की सुबह 5 बजे दोनों भाई जय प्रकाश के ईंट भट्टे से ट्रैक्टर-ट्राली में ईंटें भरकर मेरठ जा रहे थे। मेरठ-करनाल हाइवे पर फुगाना गांव के पास शामली की ओर से पीछे से आ रहे रेत से भरे डंफर ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रैक्टर-ट्राली टूटकर पलट गई। ईंटें मौके पर बिखर गई। ट्रैक्टर पलटने से चालक विकास की मौके पर मौत हो गई। उसका भाई कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक डम्फर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों भाईयों को सीएचसी बुढ़ाना मे भर्ती कराया, तब चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर अवस्था में कन्हैया को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उक्त रेत से भरे डंपर को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## शाहपुर के गांव कसेरवा के प्रधान को कत्ल करने की धमकी

शाहपुर, 13 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव कसेरवा गांव के प्रधान प्रवेज आलम को हत्या की धमकी दी गई है। कहा गया कि यदि नजर आए तो कत्ल कर दिया जाएगा। फोन पर जान से मारने की धमकी के साथ सोशल मीडिया पर गाली-गलौज के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। शाहपुर थाना क्षेत्र के कसेरवा गांव के प्रधान प्रवेज आलम ने पुलिस को बताया कि वो गरीब मरीजों की सेवा और बहन-बेटियों की शादी कराने के साथ राष्ट्र से जुड़े मुददों को लेकर अपनी बात मुखरता से रखता है। इसके चलते कांग्रेस की पूर्व योजना आयोग की सदस्य और एडवोकेट प्रशान्त भूषण द्वारा बंग्लादेशी घुसपैठियों के भारत में ही रहने संबंधी बयान का खुलकर विरोध किया था। उनका मानना है कि विदेशी घुसपैठियों को भारत में आने की इजाजत किसी भी कीमत पर नहीं दी जा सकती है। कुछ कट्टरपंथियों को उनका विरोध रास नहीं आ रहा है। इसके चलते शरीफ पुत्र रकमुदीन निवासी कसेरवा ने उन्हें फोन पर धमकी दी। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी कि वह उनके सामने आ जाए तो हत्या कर दी जाएगी। शहजाद पुत्र नवाब उर्फ चीनी, हारून पुत्र तराबु चाय वाला निवासी कसेरवा और इसरार उर्फ बोका पुत्र असलम निवासी ग्राम पुरबालियान ने सोशल मीडिया व व्हाटसअप ग्रुप पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसकी जान का खतरा बना हुआ है।

## गंधक पोटाश से झुलसे मजदूर के दोनों हाथ कटे

**बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)।** बीते दिन गंधक पोटाश से झुलसे एक मजदूर के दोनों हाथ पूरी तरह से जल गये हैं, जिनको डाक्टरों ने काटने के लिए कहा है। बाग ठेकेदार साथ में है उधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 45 साल का मुन्ना पुत्र अख्तर उस्मानी निवासी मौहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा बुढ़ाना बीते शुक्रवार के दिन गांव चंधेड़ी में स्थित अमरुद के एक बाग में अमरुद तोड़ने की मजदूरी करने गया था, तब वहां पर बाग ठेकेदार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पछाला निवासी गुलजार ने पक्षियों को उड़ाने की नीयत से गंधक पोटाश रख दिया और घर खाना खाने के लिए चला गया था, तो उसकी गैर मौजूदगी में मुन्ना ने गंधक पोटाश को आपस में मिला दिया, जिससे रगड़ लगते ही गंधक पोटाश में चिंगारी उठते ही आग लग गयी, जिसमें मुन्ना बुरी तरह से झुलस गया था। झुलसे मुन्ना को हस्पताल में भर्ती कराया था, तो उसे जिला चिकित्सालय के लिए डॉक्टरों ने रैफर कर दिया था।



# डीएम आवास के सामने कूड़ा डलावघर किया पालिका ने ध्वस्त

**▶▶ गारबेज फ्री सिटी की नीति पर शुरू कराया अभियान ▶▶ सिटी सेंटर के सामने बंद होगा गारबेज प्वाइंट बदलाव का प्लान**

**मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)।** नगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शहर से कूड़ा डलाव घरों को समाप्त किया जा रहा है। इस कड़ी में अब मेरठ रोड पर डीएम आवास के सामने स्थित बड़े कूड़ा डलावघर को पालिका ने ध्वस्त कराया है। इसके साथ ही दूसरे डलावघर भी बंद कराने की नीति पर कार्य योजना बनाई जा रही है। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देशन में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह द्वारा शहर को गारबेज फ्री सिटी की स्टार रैंकिंग तक ले जाने को गारबेज प्वाइंट के साथ बड़े कूड़ा डलावघरों को समाप्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला अस्पताल के पास, लद्दावाला साइड, गांधी कॉलोनी लिंक रोड, रामलीला टिल्ला, गांधी नगर भाजपा कार्यालय, सिटी सेंटर के समक्ष, सरकुलर रोड आवास विकास कॉलोनी, नई मंडी में राजवाहा रोड सहित कई कूड़ा डलावघरों को बंद कराया गया है। इनमें से कई डलावघरों को पूर्ण रूप से बंद करा दिया गया है, जबकि अन्य डलावघरों पर कूड़ा सीधे कॉम्पेक्टर में डालने की सुविधा प्रदान की गई है। शनिवार सुबह मेरठ रोड पर डीएम आवास



के समक्ष स्थित कूड़ा डलावघर को भी पालिका प्रशासन द्वारा ध्वस्त कराकर पूर्ण रूप से बंद करा दिया गया है। पालिका के साथ कूड़ा निस्तारण के लिए काम कर रही जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा.लि. दिल्ली की टीम ने ईओ के आदेश पर जेसीबी मशीन के साथ इस कूड़ा डलावघर की दीवारों को तोड़कर यहां पर कूड़ा डालने की व्यवस्था को बंद करा दिया है। प्रोजेक्ट मैनेजर नितेश चौधरी ने बताया कि गारबेज फ्री सिटी की नीति को लेकर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में शुरू कार्यों के बीच ईओ प्रज्ञा सिंह के आदेश के अनुसार डीएम आवास के समक्ष कूड़ा डलावघर बंद कराया जा रहा है। इसके लिए आज यह डलावघर बिस्मार करा दिया गया है। यहां पर अब किसी भी स्तर से कूड़ा नहीं डाला जायेगा। इसके लिए कंपनी निगरानी टीम भी यहां लगा रखी है। इसके साथ सूजडू चुंगी पर पुलिस चौकी के पीछे डलावघर भी बंद करने जा रहे हैं। यहां पर कॉम्पेक्टर लगाया जा रहा है और सड़क पर कूड़ा डालने की व्यवस्था बंद होगी। नितेश ने बताया कि सिटी सेंटर के सामने कूड़ा घर बंद कराते हुए यहां से अब कॉम्पेक्टर हटवाने का प्लान है। यह कॉम्पेक्टर आर्य समाज रोड पर लगाया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत अब यहां पर आरआरआर सेंटर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि यहां से वेस्ट मैनेजमेंट के लिए लोगों को जागरुक कार्यक्रम के साथ जोड़ा जा सके।

## डलावघर तोड़कर अब होगा स्थल का सौन्दर्यकरण: ईओ

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप शहर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं, इसे लेकर पालिका लगातार कूड़ा डलावघर बंद करा रही है। हमारा प्रयास है कि कम से कम मुख्य मार्ग वाले डलावघर बंद करा दिये जाए। 17 जुलाई को स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के परिणाम में हमारे निकाय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यूपी के 83 निकायों को गारबेज फ्री सिटी के रूप में स्टार रैंकिंग सर्टिफिकेट मिला है। ऐसे में शासन ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में शहरों में स्वच्छता का स्तर सुधारने के लिए प्रदेश, जिला और निकाय स्तर पर मॉनीटरिंग की जरुरत पर जोर देते हुए कुछ पैरामीटर्स तय किये हैं, इसके लिए प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा बिन्दुवार निर्देश दिये हैं। इनमें निकाय क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, सेग्रीकेशन, डलावघरों और गारबेज प्वाइंट को चिन्हित कर उनका विलोपन एवं सौन्दर्यकरण कराने पर जोर दिया गया है। इसी कड़ी में कंपनी जेएस

शेष : पृष्ठ-4 पर












# श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रामलीला मैदान, गूंजा जय श्रीश्याम

## - मंत्री कपिल देव व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने किया दीप प्रज्जवलित - मंडी रामलीला मैदान में सजा बाबा का दरबार, भक्त मंत्रमुग्ध

**मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)।** शनिवार को श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से नई मंडी रामलीला भवन में श्री श्याम वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति संगीत की वैतरणी में इस बीच वहां आम-ओ-खास ने बाबा की भक्ति गंगा में डुबकी लगाते हुए देर रात्रि तक रसपान किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्याम बाबा दरबार में पहुंचे सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, अरूण गर्ग (पेपर), अरविंद मिर्च वालों के सुपुत्र मोहित बंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करते हुए भक्ति संगीत के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, विशाल गर्ग, नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, राजेंद्र गुप्ता, चावल व्यापारी दिनेश मित्तल, अंकित गर्ग, श्रवण कुमार, सुजीत जिंदल, अग्रसेन भवन से जुड़े सत्य प्रकाश मित्तल, ललित माहेश्वरी, सौरभ, कपिल बुढ़ाना, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से शनिवार में नई मंडी रामलीला भवन में श्री श्याम वंदना महोत्सव के बीच भक्ति कीर्तन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। इस दौरान समस्तीपुर से आयी प्रसिद्ध भजन गायिका रेशमी शर्मा व दिल्ली के भजन गायक अनुराग मित्तल ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। रेशमी शर्मा ने वह कौन है जिसने हमको दी पहचान है, आएगा, आएगा, आएगा और मेरा एक साथी है बड़ा ही भोला भाला है जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं भजन गायक अनुराग मित्तल ने भी अपने भजनों से कीर्तन में चार चाँद लगाए। देर रात तक पंडाल श्याम नाम के जयघोष से गूंजता रहा। इस दौरान महोत्सव में श्याम बाबा जी का भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया। दरबार के बीचों बीच श्री श्याम बाबा विराजमान थे, जिनकी विशेषता यह रही थी कि ऊपर श्रीकृष्ण जी गोवर्धन पर्वत उठाए हुए दिव्य प्रतिमा सजाई हुई थी और चारों ओर गोपियों की झाँकी स्थापित थी, जिससे पूरा वातावरण अलौकिक और भक्तिमय हो उठा। इस दौरान नरेश पुनीया म्यूजिकल ग्रुप ने अपने सुरों से कीर्तन को और भी भव्य बना दिया। महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान मुजफ्फरनगर जिले के आसपास के मंडलों में शामली, बुढ़ाना, गंगोह, पुरकाजी, लक्सर, मंगलौर, रुड़की, खतौली, मेरठ, कैराना की सभी संस्थाओं से धर्म प्रेमी आये हुए थे। श्याम प्रेमियों से पंडाल पूरी तरह से भरा रहा। कार्यक्रम का समापन गगनभेदी श्याम बाबा के जयकारों के साथ हुआ। इस बीच श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग, विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग, संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल, प्राशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग एवं एकादशी सदस्य उपस्थित रहे।

# चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप संवारेंगी सत्यम की पाठशाला

## - रेलवे स्टेशन पहुंचकर सराहा शिक्षा अभियान, कहा-हम करेंगे हर संभव मदद



**मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)।** रेलवे स्टेशन के पास की स्लम बस्ती, जहां कूड़ा व गन्दगी ही रोजमर्रा का जीवन है, इससे रोजी-रोटी तलाशकर ही परिवार अपना जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन इसी स्लम बस्ती में शिक्षा का दान कर रहे एक नौजवान ने समाज को सेवा की ऐसी सीख दी, जिससे न केवल इस स्लम बस्ती के बच्चों का भविष्य सुधरा, बल्कि शिक्षा के सहारे सफलता के सपनों का पौधारोपण भी हुआ। इसी प्रयास को प्रोत्साहन देने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सत्यम की पाठशाला का भ्रमण करते हुए भरोसा दिया कि गरीब बस्ती के इन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए वो जो भी संभव होगा मदद करेंगी। विद्युत विभाग सूजडू बिजली घर पर बतौर मीटर लिपिक पद पर कार्यरत नई मंडी निवासी भारत सिंघल पुत्र स्व. रामनिवास गुप्ता एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति हैं, लेकिन उनके हौसले और काम बहुत बड़ा है। भगवान शिव के अनन्य भक्त भारत अपने नाम की भांति भारत के दयनीय अवस्था में जीवन यापन करने को विवश बचपन को बचाकर शिक्षा के सहारे सफलता के मार्ग पर प्रशस्त कर रहे हैं। उनके द्वारा रेलवे स्टेशन मार्ग पर शनिदेव मंदिर के सामने सत्यम की पाठशाला चलाई जा रही है, वो सरकारी ड्यूटी करने के बाद शाम पांच बजे से सात बजे तक यहां आकर स्लम बस्ती के गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सत्यम की पाठशाला पहुंची। उन्होंने भारत सिंघल से मुलाकात करते हुए बच्चों से भी वार्ता करते हुए उनके ज्ञान को परखा। बच्चों ने अपने अंदाज में विशेष स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। भारत ने बताया कि उन्होंने करीब ढाई साल पहले एक बच्चे के साथ यह पाठशाला शुरू की और आज उनके यहां करीब 45 बच्चों का पंजीकरण है, जिनमें से 30 से 35 बच्चे प्रतिदिन उनके पास शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। उनके लिए शिक्षा के साधन संसाधन और आवश्यक सामग्री उन्होंने स्वयं अपने स्तर से जुटाई, इस पाठशाला को उन्होंने स्मार्ट क्लास का रूप देते हुए एलईडी लगवाई है। वो प्रतिमाह नौ हजार रुपये का किराया भी पाठशाला की जगह का देते हैं। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भारत सिंघल के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनके इस योगदान को ईश्वरीय सेवा जैसा बताया। यहां पर उन्होंने सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री, पैन, पेंसिल, बॉक्स, शॉर्पनर, इरेजर आदि के साथ ही खाद्य सामग्री वितरित की। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि वास्तव में भारत सिंघल का प्रयास पूरे समाज को प्रभावित करने वाला है, यहां आकर उन्हें भी गर्व महसूस हुआ कि समाज में ऐसे भी युवा हैं, जो इस तरह से निःस्वार्थ होकर सेवा दे सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस सत्यम की पाठशाला को संवारने के लिए जो भी मदद होगी वो करेंगी। इस दौरान मुख्य रूप से युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, मयंक त्यागी, मोन्टू पाटिल, डीके जैन आदि भी मौजूद रहे।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली और एमओजीएस ने किया सीएमई सेमिनार आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली और मुजफ्फरनगर ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टमेनोपॉजल ब्लीडिंग एंड एम्बोलाइजेशन इन बेनाइन गायनेकोलॉजी : द मिस्ट्री अनफोल्ड्स विषय पर सीएमई सेमिनार होटल पलासा, भोपा रोड में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. स्वस्ती (डायरेक्टर-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, गायनेकोलॉजी) ने रजोनिवृत्ति के बाद होने वाले रक्तस्राव के कारणों और रोकथाम पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. ऋतु वर्मा (सीनियर कंसल्टेंट-इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) ने सौम्य स्त्रीरोग संबंधी स्थितियों में एम्बोलाइजेशन तकनीक की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एमओजीएस की अध्यक्ष डॉ. अनीता अग्रवाल, सचिव डॉ. प्रीति गर्ग और कोषाध्यक्ष डॉ. सुनीता जैन मौजूद रहीं। इस अवसर पर डॉ. वंदना जैन, डॉ. रेखा सिंह, डॉ. दिव्या त्यागी, डॉ. शिल्पी जैन, डॉ. माया चौधरी, डॉ. निशा मलिक, डॉ. रूपम गुप्ता, डॉ. कोमल राठौर और डॉ. मानवी त्यागी सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

# पति से लड़-झगड़कर जहर खाया, हालत स्थिर



**बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)।** ब्लाक क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने किसी घरेलू बात पर अपने पति से लड़-झगड़कर उसकी गैर मौजूदगी मे जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर उसको पड़ोसियों ने एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को भी घटना की सूचना मिल गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव नीमखेड़ी में काला ने अपनी पत्नी कोमल को किसी बात पर बीती देर रात डांट-डपट दिया था। आज शनिवार की सुबह जब पति काला खेत में दवाई छिड़कने के लिए गया, तो कोमल ने अपने पति काला की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर मौका पाकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद कोमल की हालत बिगड़ने लगी, तो कोमल का शोर शराबा सुनकर पड़ौस की कुछ महिलाएं कोमल के घर पर पहुंची, तो उनको कोमल की हालत को देख समझते देर नहीं लगी, तब उन्होंने उसके पति को घटना की सूचना देते हुए उसे बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई थी। घटना की सूचना फुगाना पुलिस को भी मिल गयी थी। पुलिस ने हस्पताल में पहुंचकर महिला के बयान लिए।

# युवक ने युवती के घर पहुंचकर किया हंगामा, युवती पहुंची थाने

**भोपा, 13 सितम्बर (बु.)।** प्रेम प्रसंग के चलते बदायूं निवासी युवक के साथ फरार होने वाली युवती को जब युवक के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी मिली तो युवक ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट से परेशान युवती गर्भवती अवस्था में पिता के घर लौट आई, जिसके बाद युवक उसके घर पहुंचा और जमकर हंगामा किया। अप्रिय घटना से डरी युवती ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने पर पहुंचकर बताया कि बीते तीन वर्ष पहले बदायूं जनपद का एक युवक उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जिसके बाद उसे पता चला कि युवक पहले से ही शादीशुदा है और अपनी पत्नी की हत्या कर चुका है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी शराब पीकर उसके साथ भी गाली गलौच कर मारपीट करने लगा और उसे जान से मारने का प्रयास किया, जिस पर जान का खतरा देख सात माह की गर्भवती अवस्था में वह अपने पिता के घर वापिस आ गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार को आरोपी युवक उसके घर आ गया और मारपीट, गाली-गलौच करने लगा, जिसके बाद परिजनों ने उसे बचाया। इस पर आरोपी युवक ने घर के बाहर हंगामा करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने किसी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।




# निर्माणाधीन मस्जिदों पर प्रशासन ने लगाई सील

**भोपा, 13 सितम्बर (बु.)।** भोपा के जौली मार्ग पर नई बस्ती में बिना अनुमति के हो रहे दो मस्जिदों के निर्माण कार्य की गोपनीय शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर सील लगाने की कार्रवाई की है। थाना व गांव भोपा में जौली मार्ग पर नई बस्ती में बिना अनुमति के दो नई मस्जिद का निर्माण कराये जाने की गोपनीय सूचना पर शनिवार को पुलिस व तहसील प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए मामले की स्थलीय जांच की। स्थलीय जांच और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद दोनों मस्जिदों का निर्माण बिना अनुमति के पाया गया, जिसके बाद जानसठ तहसील के नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, कानूनगो सुनील शर्मा, लेखपाल अंकित कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह, उपनिरीक्षक शिव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां हो रहे निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उस्मान व गुलफाम पुत्रगण पीरू द्वारा भोपा के खसरा नंबर-799 पर और अहसान पुत्र नूर इलाही निवासी बेलड़ा द्वारा खसरा नंबर-780 में एक प्लॉट पर अवैध रूप से मस्जिदों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए उक्त व्यक्तियों द्वारा शासन-प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है, जिसके बाद निर्माणाधीन मस्जिदों को अवैध घोषित करते हुए संपत्ति को मुख्य द्वार सहित दीवार पर टेप लगाकर सील कर दिया गया। इस दौरान कुछ महिलाओं और ग्रामीणों ने हंगामा करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन के सख्त रुख को देखकर शांत रहने में ही भलाई समझी। नायब तहसीलदार बृजेश सिंह ने बताया कि खसरा नम्बर-780 में स्थित प्लाट और खसरा नंबर-799 के क्षेत्रफल 167.68 वर्ग मीटर में मस्जिदों का निर्माण किया जा रहा था। मस्जिद निर्माण कार्य की कोई अनुमति शासन प्रशासन से नहीं ली गई है। इसलिए अवैध घोषित कर सील लगाने की कार्रवाई की गयी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि तहसील अधिकारियों की उपस्थिति में निर्माणाधीन मस्जिद पर सील लगाई गयी है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नौशीन अंसारी (NOWSHEEN ANSARI) पुत्री नसीम अहमद अंसारी (NASEEM AHMED ANSARI)से बदलकर नौशीन अंसारी (NOWSHEEN ANSARI) पुत्री नसीम अंसारी (NASEEM ANSARI) रख लिया है। अबसे भविष्य में मुझे नौशीन अंसारी (NOWSHEEN ANSARI) पुत्री नसीम अंसारी (NASEEM ANSARI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

नौशीन अंसारी पुत्री नसीम अंसारी
निवासी-167, नूरबाफान, शाहपुर
जनपद- मुजफ्फरनगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नसीम अहमद अंसारी (NASEEM AHMED ANSARI) से बदलकर नसीम अंसारी (NASEEM ANSARI) रख लिया है। अबसे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे नसीम अंसारी (NASEEM ANSARI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

नसीम अंसारी पुत्र इमामुद्दीन
निवासी-167, नक्कालान, शाहपुर
जनपद- मुजफ्फरनगर

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एलुमनाई टॉक एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आज एक प्रेरणादायी एलुमनाई एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की विशेष अतिथि कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं वर्तमान में अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अकांक्षा गोयल रही। आकांक्षा गोयल ने विद्यार्थियों को अपने कॉलेज जीवन से लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि सपनों को पूरा करने के लिए केवल इच्छा पर्याप्त नहीं, बल्कि उस दिशा में सतत प्रयास, धैर्य और अनुशासन भी जरूरी है। मैंने अपने जीवन में सीखा है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नया अवसर है। हर चुनौती को अवसर के रूप में देखिए, कठिनाइयों से घबराइए नहीं बल्कि उनका डटकर सामना कीजिए। समय का सम्मान कीजिए, क्योंकि समय ही सफलता का सबसे बड़ा निवेश है। अगर आप ईमानदारी से मेहनत करेंगे और खुद पर विश्वास रखेंगे, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही योजना, निरंतर अभ्यास, और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार करियर चुनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। सचिव अनुभव कुमार ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि हमारी पूर्व छात्रा अकांक्षा गोयल ने न केवल अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है, बल्कि हमारे संस्थान के गौरव को भी बढ़ाया है। आज का उनका सत्र हमारे छात्रों के लिए एक नई प्रेरणा और दिशा लेकर आया है। हम उनके अमूल्य समय और प्रेरणादायक अनुभव साझा करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य ऊँचा रखें और उसके लिए मेहनत करने से कभी पीछे न हटें। असफलता से डरने की बजाय उससे सीखें। अनुशासन, सकारात्मक सोच और ईमानदार प्रयास ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाएंगे। याद रखिए, आपका हर छोटा कदम आपको अपने बड़े सपने के करीब ले जाता है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा आज आपने एक जीवंत उदाहरण देखा कि कैसे एक साधारण छात्रा कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से ऊँचाइयों तक पहुँच सकती है। आप सभी में वही क्षमता और प्रतिभा है, बस जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा में मेहनत करने की। कॉलेज आपको मंच देता है, लेकिन आपकी मेहनत ही आपको आगे ले जाएगी। हर दिन को एक नया अवसर मानकर सीखते रहें, चुनौतियों को स्वीकार करें और अपने सपनों की ओर बढ़ते रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे और सीखी हुई बातों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# डीएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर "हिंदी , हमारा राष्ट्रीय गौरव" कार्यक्रम का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)।** शनिवार को डीएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर "हिंदी हमारा राष्ट्रीय गौरव " विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं विशेष रूप से हिंदी शिक्षिका शिवानी वत्स, हेमा पांडे, अभिलाषा शर्मा, भावना वर्मा एवं रेणु इंसा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में "हिंदी भाषा हमारा राष्ट्रीय गौरव" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं है बल्कि देश की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर की पहचान है। हिंदी भारत की आत्मा है। प्राचीन काल से लेकर मुगल काल तक तथा मुगल काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक हिंदी राष्ट्रीय चेतना का स्रोत रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहुत ही तर्कपूर्ण ढंग से हिंदी के व्याकरण, इसके विस्तृत साहित्य तथा हिंदी के गौरवशाली कवियों एवं लेखकों के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी की सरलता, सहजता तथा भारतीय जनमानस से हिंदी के लगाव एवं उसके जुड़ाव का वर्णन किया। कार्यक्रम में स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने बच्चों को हिंदी भाषा की सरलता, सहजता तथा वैज्ञानिक निष्ठता के विषय में बताते हुए कहा कि हिंदी पूर्णतया वैज्ञानिक भाषा है। हिंदी का शब्दकोश बहुत ही विशाल है। हिंदी देश की गौरवशाली संस्कृति की पहचान है। हिंदी देश के जन जागरण की साक्षी रही है। अतः हमें गर्व के साथ हिंदी बोलना तथा हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9अ की छात्रा नव्या चंचल ने किया। कार्यक्रम में हिंदी शिक्षिका शिवानी वत्स ने काव्य पाठ करके विद्यार्थियों को हिंदी के मन को छू जाने वाले विस्तृत काव्य साहित्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा नौंवी से अविका, अर्शी, शताक्षी, आस्था, अनुष्का, दिव्यार्थ, सारिया एवं प्राची कक्षा दसवीं से पूर्वी, अभय, जैनब, निमिषा एवं प्रिंस ने देश की सांस्कृतिक विरासत में हिंदी भाषा के योगदान तथा भारत की राष्ट्रीय चेतना के स्रोत के रूप में हिंदी भाषा को राष्ट्रीय गौरव के रूप में बताते हुए गर्व के साथ हिंदी बोलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के गौरवशाली शब्दकोश तथा हिंदी के गौरवशाली साहित्य तथा इसके लेखन एवं कवियों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी विश्व की सबसे समृद्ध भाषाओं में से एक है। अंत में स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें हिंदी विषय पर अपने सुव्यवस्थित तथा तर्कसंगत विचार रखने पर बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री मणिपुर के चुराचांदपुर में

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल मणिपुर के चुराचांदपुर में जनसभा को सम्बोधित किया। राज्य में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद यह उनका पहला दौरा है। पृथ्वी पर संकट है और यह भी कहा जाता है कि पृथ्वी पर कहीं न कहीं संकट रहता ही है। एक दार्शनिक ने तो यह तक कह दिया कि पृथ्वी ही संकट है, लेकिन यह भी सत्य है कि अगर पृथ्वी पर अनगिनत लोगों ने संकट खड़ा किया तो अनगिनत लोगों ही ने पृथ्वी को सुन्दर भी बनाया है। इतिहास में शैतानों और साधुओं दोनों ही तरह के लोगों के नाम दर्ज हैं। भारतीय प्रधानमन्त्री जहां अपनी कार्यशैली से भारत में लोकप्रिय हैं, वैसे ही विश्व में भी उनकी सराहना होती है, लेकिन कुछ लोग हैं, जो उनके विकास कार्यों से चिढ़ते हैं, उनसे चिढ़ते हैं, उनकी चिढ़न अब कुंठा बन गयी है। बांग्लादेश में उपद्रव हुआ, तो उसे लेकर यहाँ के कुंठित नेता अंट-शंट बयानबाजी करके लोगों के निशाने पर आ रहे हैं, लोग उन्हें धिक्कार रहे हैं, लेकिन वे बड़ी बेशर्मी से बकवास के सहारे अपनी रजनीति चमका रहे हैं। दूसरी तरफ प्रधानमन्त्री निरंतर विकास कार्यों में लगे हैं। सरकार को निठल्ले और कुंठित नेताओं की निरंकुश बयान बाजी पर अंकुश रखने के उपाय करने चाहिएं। कल पीएम ने चुराचांदपुर में कहा कि मैं जीवन में इस क्षण को कभी नहीं भूल सकता। मणिपुर को सर झुकाकर प्रणाम करता हूं। मैं यहां के लोगों के जज्बे को सैल्यूट करता हूं। मणिपुर के नाम ही में मणि है, ये वो मणि है, जो आने वाले पूरे नॉर्थ ईस्ट की चमक बढ़ाने वाली है। केंद्र सरकार का पूरा प्रयास रहा है कि राज्य को विकास के काम में लगातार आगे ले जाए। मैं इसलिए यहां आया हूं। प्रधानमन्त्री ने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की नींव रखी। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर की यह धरती हौसलों और हिम्मत की धरती है। दुर्भाग्य से, हिंसा ने इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। पीएम ने कहा कि मैं सभी संगठनों से अपील करूंगा कि शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर अपने सपने को पूरा करें। अपने बच्चों के भविष्य को सुनिश्चित करें। मैं आपको वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। भारत सरकार आपके साथ है। मणिपुर के लोगों के साथ है। पीएम मोदी चुराचांदपुर में कार्यक्रम के बाद इंफाल के लिए रवाना हो गए। इंफाल मैतेई बहुल इलाका है। 2023 में हिंसा के बाद, कुकी का इंफाल और मैतेई का चुराचांदपुर में आना-जाना बंद है। पीएम मोदी 1988 में राजीव गांधी के बाद चुराचांदपुर जाने वाले पहले प्रधानमन्त्री हैं। अंग्रेजों ने 172 साल पहले भारत में रेलवे की शुरूआत की थी, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम की राजधानी आइजोल को कल '13 सितंबर 2025' को यह परिवहन सुविधा मिली है। जी हां, मिजोरमवासियों को ट्रेन की सुविधा अपने राज्य में मिल गई है और इसके साथ ही यह विशाल क्षेत्र भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने बइरबी-सैरांग ब्रॉड गेज रेलवे लाइन को हरी झंडी दिखाई। कांग्रेस, प्रधानमन्त्री के मणिपुर दौरे की आलोचना कर रही है और मणिपुर की जनता ट्रेन की सुविधा का आनंद ले रही है। इस नयी रेल लाइन की लागत 8070 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। इस परियोजना से मिजोरम की राजधानी पहली बार भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गई है। यह रेल परियोजना बेहद चुनौतीपूर्ण पहाड़ी क्षेत्र में बनाई गई है, जिसमें जटिल भूवैज्ञानिक परिस्थितियों में 45 सुरंगों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा इसमें 55 बड़े पुल और 88 छोटे पुल भी शामिल हैं। इनमें से एक पुल दिल्ली के कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अनुसार, राजधानी एक्सप्रेस 2,510 किलोमीटर की दूरी 43 घंटे 25 मिनट में तय करेगी और इसकी औसत गति 57.81 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। केंद्रीय मन्त्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि मालगाड़ी सेवाएं भी तुरंत शुरू होंगी और रविवार से तीन यात्री ट्रेनें भी चलेंगी। यह मिजोरम की कनेक्टिविटी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। इन सेवाओं में दिल्ली के लिए राजधानी एक्सप्रेस, कोलकाता ट्राई-वीकली एक्सप्रेस और गुवाहाटी के लिए मिजोरम एक्सप्रेस दैनिक सेवा शामिल हैं, जिन्हें आगे और विस्तार देने की योजना है। 51.38 किलोमीटर लंबी बइरबी-सैरांग ब्रॉड गेज रेलवे लाइन परियोजना केंद्र की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का हिस्सा है। यह लाइन आइजोल को असम के सिलचर शहर और फिर पूरे देश से जोड़ेगी और सबसे खास कि यह पहली बार मिजोरम को भारत के रेलवे नेटवर्क से जोड़ देगी। 2008-2009 में स्वीकृत इस परियोजना को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 8,213.72 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इस परियोजना की आधारशिला 2014 में रखी थी और इसे बनाने का काम 2015 से शुरू होकर 10 साल में पूरा किया गया। कांग्रेस और मणिपुर पीपुल्स पार्टी के यूथ विंग के कार्यकर्ताओं ने इंफाल में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास प्रदर्शन किया। युवाओं ने प्रधानमन्त्री के दौरे का विरोध किया और इसे एक राजनीतिक चाल करार दिया। मणिपुर पीपुल्स पार्टी यूथ फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने अपने ऑफिस के पास पोस्टर लेकर नारे लगाए और दावा किया कि प्रधानमन्त्री की यात्रा का मकसद राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करना नहीं है। कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से लगभग 100 मीटर दूर कांग्रेस भवन के सामने भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को प्रधानमन्त्री के कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ने से रोक दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर दौरे को लेकर पीएम मोदी की आलोचना की है। खड़गे ने एक्स पर लिखा,मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं है। यह एक दिखावा और घायल लोगों का घोर अपमान है। आज इंफाल और चुराचांदपुर में आपका तथाकथित रोड शो, राहत शिविरों में लोगों की चीखें सुनने से बचने का एक कायराना प्रयास है। खड़गे ने कहा, मणिपुर में चुपचाप जाना कोई पश्चाताप नहीं है। यह अपराधबोध भी नहीं है। आप अपने लिए एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित कर रहे हैं। यह उन लोगों के जख्मों पर एक हमला है जो अभी भी आपकी बुनियादी संवैधानिक जिम्मेदारियों से भागने के कारण पीड़ित हैं। आपसे आपके ही शब्दों में पूछता हूं, आपका राजधर्म कहां है? खड़गे को सोशल मीडिया ही पर लोगों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'समझ' 'शराफत' 'धरातल' 'नशा'

कहीं भाषणों से समझ है नदारद, कहीं बेवकूफी दिखायी गयी है।
कोई फेल है तो कोई पढ़ के अनपढ़,किसी ने शराफत मिटायी हुई है।।
गिरा है धरातल में नेता गिरा है,नशा है ये सत्ता का कितना नशीला,
सियासत की खातिर ही पाले हैं शैतां, जमीं गाँव की भी लुटायी गयी है।





# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 03,38,589 वादों का निस्तारण

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। जनपद के वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविकांत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत में होने वाले तमाम फैसले में हार जीत का कोई प्रश्न नहीं रह जाता है, क्योंकि जब वादकारी आपसी समझौते के आधार पर वाद निस्तारण करते हैं तो उनके मध्य आपसी सौहार्द्र बना रहता है एवं उनके अमूल्य समय की बचत होती है। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रदान करना है। कोर्ट परिसर में आयोजित इस लोक अदालत में प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने सभागार में उपस्थित बैंक अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे ऋण के मामलों में ग्राहकों को अधिकतम छूट देते हुए प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय खलीकुज्जमा ने इस दौरान पारिवारिक मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने पर भी बल दिया। उक्त लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 237 मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। नोडल अधिकारी अपर जिला जज कनिष्क कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने का एक बहुत बड़ा माध्यम है तथा त्वरित न्याय प्राप्त करने का महत्वपूर्ण साधन है। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीताराम ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 03,38,589 प्रकरण निस्तारित किए गए। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण आदेश नैन द्वारा कुल 142 वाद निस्तारित कर 2,35,08,600 रुपए प्रतिकर प्रदान किया गया। वहीं जनपद न्यायालय के विभिन्न न्यायालयों द्वारा 6606 शमनीय फौजदारी एवं 60 दीवानी वादों का निस्तारण करते हुए शमनीय फौजदारी वादों मे 17,67,000 रुपए और दीवानी वादों में कुल 17,128,342,19 रुपए का अनुतोष प्रदान किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों ने 7991 राजस्व वादों का निस्तारण कर 15,320,000 रुपए राजस्व वसूली की गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के द्वारा 696 बैंक ऋण मामले निस्तारण कराकर लगभग 89,427,000 रुपए की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। इस दौरान जिला बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कंवरपाल सिंह, महासचिव चंद्रवीर सिंह निर्वाल, सिविल बार संघ अध्यक्ष सुनील मित्तल, महासचिव राज सिंह रावत, अपर जिला जज आशा रानी सिंह, सीताराम, कनिष्क कुमार सिंह, काशिफ शेख, दिनेश प्रताप सिंह, रीमा मल्होत्रा, दिव्या भार्गव, मंजुला भलोटिया, निशान्त सिंगला, कमलापति प्रजापति, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल, भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम राजकुमार सिंह, एजीएम सुधीर कुमार व लीड बैंक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेन्द्र सिंह समेत समस्त न्यायिक अधिकारी, बैंकों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

# को-आपरेटिव बैंक एसो. का दो दिवसीय अधिवेशन शुरू

## - बैंकों की समस्या के साथ ही कर्मियों के हितों को लेकर मंथन



मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। सहकारी बैंक कर्मचारियों की आवाज बुलंद करने वाले बड़े संगठन को-ऑपरेटिव बैंक्स स्टाफ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का राज्य स्तरीय अधिवेशन शनिवार को मुजफ्फरनगर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच प्रारंभ हुआ। नगर के महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर से आए शीर्ष ट्रेड यूनियन नेता और प्रदेश के 30 से अधिक जिलों के प्रतिनिधि एकजुट हुए, जहां सहकारी बैंकों की समस्याओं और कर्मचारियों के हितों पर मंथन शुरू हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ सभी अतिथियों के स्वागत, पटका, माला और शॉल पहनाने के बाद मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और दिवंगत ट्रेड यूनियन नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक इम्प्लाइज फेडरेशन महासचिव केवीएस रवि ने अपने संबोधन में सहकारी बैंकों की मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अधिवेशन से सभी समस्याओं के समाधान की रणनीति तय होगी। उन्होंने कर्मचारियों की भूमिका को बैंकिंग व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जयपुर से आए एआईसीबीईएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजभान सिंह आमेरा ने कहा कि आज नीति-निर्माता और बैंक प्रबंधन कर्मियों पर दबाव बनाने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं, जबकि बैंकिंग व्यवस्था की मजबूती और सुधार पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने सरकार के श्रम सुधारों को कर्मचारी हितों के विपरीत बताया। वहीं इंदौर से आए एआईसीबीईएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीआर निमगांवकर, लखनऊ से यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एसके संगतानी, कानपुर से उप महामंत्री रजनीश गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता पर बल दिया। जिला सहकारी बैंक चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह ने देश और प्रदेश से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जनपद मुजफ्फरनगर की ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर का उल्लेख किया। वहीं जिला सहकारी बैंक के सीईओ राजेश कुमार ने बैंक की प्रगति में कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में फतेहपुर से प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र स्वरूप, लखनऊ से महासचिव विजय सक्सेना भी शामिल रहे। अधिवेशन व्यवस्था का नेतृत्व यूनिट मंत्री अशोक कुमार शर्मा एवं मंच संचालन यशवीर सिंह ने किया।



## पुलिस परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरू

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। एसएसपी की धर्मपत्नी डॉ. नीलम राय ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाईन में पुलिसकर्मियों के परिवारों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी पुलिस परिवारों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संपन्न किए जा रहे हैं। इस क्रम में कौशल विकास मिशन सहभागिता से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी डॉ. नीलम राय द्वारा कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया। जनपद मुजफ्फरनगर में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्यूटीशियन एवं टेलरिंग एण्ड फैशन डिजाइनिंग कोर्स संचालित किए गए, जिसके अन्तर्गत आज प्रतिभागियों का नामांकन किया है। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को रिजर्व पुलिस लाईन परिसर में उक्त कोर्स में प्रशिक्षित किए जाने के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय ऋषिका सिंह, निवेदिता एवं अर्पिता सदस्य वामा सारथी, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह, मुकेश कुमार प्रधानाचार्य आईटीआई, अक्षय कुमार कोर्स प्रबन्धक उ. नि. देवेन्द्र नागर सहित पुलिस परिवार के सदस्य मौजूद रहे।




# धूमधाम के साथ निकाली गई जैन समाज की भव्य रथयात्रा

## - चेयरपर्सन व वार्ड सभासद ने लिया महाराज श्री का आशीर्वाद




मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर चौड़ी गली नई मंडी में श्री 1008 अनन्तनाथ भगवान के वार्षिक रथयात्रा महोत्सव के बीच शनिवार को भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस बीच श्री मंदिर प्रांगण में संपन्न मांगलिक कार्यक्रम के बाद भव्य रथयात्रा क्षेत्र में बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर नई मंडी की प्रबंध समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वार्ड सभासद सीमा जैन, पूर्व सभासद विकल्प जैन, चन्द्र कुमार जैन आदि अतिथियों ने जैन संत आचार्य भारत भूषण जी मुनिराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए इस आयोजन में धर्म लाभ उठाया। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर चौड़ी गली नई मंडी मुजफ्फरनगर में 1008 श्री अनंतनाथ भगवान की शोभायात्रा धूमधाम से नई मंडी के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष अमित कुमार जैन एड. एवं मंत्री अशोक जैन ने बताया कि 1008 श्री अनंतनाथ भगवान की शोभा यात्रा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से निकल रही है। रथ यात्रा महोत्सव में आचार्य 108 भारत भूषण जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनकी मंगल वाणी से समस्त जैन समाज को धर्म लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने जैन समाज को संदेश दिया कि वितरण किए बिना वैतरणी पार नहीं होती। हर पर्याय में जीव को वस्तुओं का संचय करने का संस्कार स्वतः ही उसमें आ जाता है और उनके आयामों से वस्तुओं का संचय करते हुए सही-गलत, नैतिक-अनैतिक कुछ भी विचार किए बिना संचय को प्रधानता देता है। आचार्य श्री ने कहा कि नरक में वैतरणी जैसी अपवित्र दुःखदायी नदियां होती है और अधिक संचय करने से नरक के दुःखों को भोगना पड़ता है, यदि कोई उन दुःखों से बचना चाहता है तो उसने जो संचय किया है वह वितरण करना प्रारंभ कर दें। जितनी आवश्यकता है उतना ही जोड़े। बाकी मानव सेवा, राष्ट्र सेवा, धर्म की सेवा में लगाए। नई मंडी क्षेत्र में निकाली गई रथयात्रा में श्रीजी को रथ में लेकर बैठने का सौभाग्य अरुणा जैन पत्नी स्व. अजय जैन सीए को मिला। उनके भाई राजेश जैन भगवान को लेकर रथ पर सवार हुए। प्रभु के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य शीतल जैन परिवार को प्राप्त हुआ, वहीं 4 इंद्र और खजांची कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य अशोक जैन सर्राफ, अमित जैन एड, सिद्धान्त जैन, अरविन्द जैन, शरद जैन आदि को प्राप्त हुआ। इस दौरान निग्रन्थ जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा मंदिर जी में श्री अनंतनाथ भगवान की रथयात्रा के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्री जी की रथ यात्रा नई मंडी के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर जी में पहुंची और भगवान का जलाभिषेक करते हुए गंधोदक वितरित किया गया तथा सभी ने अनंतनाथ भगवान की इस बीच में जय जयकार की। रथ यात्रा महोत्सव में अमित कुमार जैन एडवोकेट, अशोक जैन सर्राफ, मनोज जैन सर्राफ, नवीन जैन, राजकुमार जैन, सुनील जैन, अभय जैन, अरविंद जैन, ऋषभ जैन, सिद्धान्त जैन, मुकेश जैन, अजय जैन, मुदित जैन आदि काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे, पुरुष उपस्थित रहे।

# जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र बना है खतरे की घण्टी

## - कभी भी हो सकता है कोई भी बड़ा हादसा

बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)। एक जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र इस समय खतरे की घंटी बना हुआ है, जबकि आश्चर्य की बात यह है कि शिकायत होने पर सरकारी कागजों में इस जर्जर भवन को भ्रष्ट अधिकारियों ने चकाचक ओके में चकाचक ओके लिख दिया है और फिर भविष्य में कोई कांड होता है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा, मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खिजरपुर मदीनपुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र खस्ताहाल और जर्जर अवस्था में है। इसके भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं और छत भी गिरने की स्थिति में है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा हर पल खतरे में है। शिकायतकर्ता मौहम्मद अरशद ने मीडिया को शनिवार के दिन इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आँगनवाड़ी केंद्र की मरम्मत और नए भवन निर्माण के लिए विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन शिकायत को दबा दिया गया है और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय लोग कहते हैं कि यहां के बच्चों के पोषण और शिक्षा का एक मात्र सहारा यही आंगनवाड़ी केंद्र है, लेकिन वर्तमान स्थिति में वहां बच्चों को भेजना अब जोखिम भरा हो गया है। क्या एसडीएम इस और ध्यान देंगी?



दिखा दिया है। इसको लेकर शिकायत करने वाले भी हैरान हैं और अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीण इसको लेकर सवाल उठा रहे हैं कि जब अधिकारियों ने इसको जांच हैरानी की बात तो यह है कि उनकी शिकायत को बिना किसी ठोस कार्रवाई के बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में ग्राम प्रधान की मिलीभगत है, जिसके कारण

# लिटिल मैनर स्कूल, नई मंडी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ ग्रैंड पेरेंट्स-डे समारोह





मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)। नीव इंटरनेशनल द्वारा संचालित नई मंडी क्षेत्र स्थित लिटिल मैनर स्कूल में आज एक अद्वितीय और भावनात्मक आयोजन देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में ग्रैंडपेरेंट्स-डे बड़े हर्षोल्लास और पारिवारिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दादा-दादी और नाना-नानी जैसे परिवार के अमूल्य स्तंभों को सम्मान देना और बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना था। इस कार्यक्रम ने तीन पीढ़ियों को एक ही मंच पर एक-दूसरे से जोडकर अविस्मरणीय स्मृतियों संजो दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र और श्लोक वाचन के साथ हुआ, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। तत्पश्चात बच्चों ने रामचरितमानस के अंशों का सामूहिक पाठ किया, जिसने सभी उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति की गहराई से परिचित कराया। समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र फैमिली सिंगिंग परफॉर्मेंस रहा, जिसमें बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ मिलकर गीत प्रस्तुत किए। यह दृश्य न केवल मनमोहक था बल्कि इसने पारिवारिक एकता का सशक्त संदेश भी दिया। वहीं फोटो बूथ पर सभी ने विभिन्न रोचक और आकर्षक प्रॉप्स के साथ तस्वीरें खिंचवाई, जो जीवन भर की यादों का खजाना बन गई। बच्चों ने अपने दादा-दादी से आग्रह किया कि वे अपने जमाने के खेल सिखाएँ। इस पर सभी बड़े उत्साह से तैयार हुए और छुपन-छुपाई, पकड़म-पकडाई, बर्फ-पानी, आंख-मिचौली, पिट्ठू जैसे परंपरागत खेल खेले गए। बच्चों ने इन खेलों का भरपूर आनंद लिया और दादा-दादी, व नाना-नानी भी अपने बचपन की यादों में खो गए। स्टोरी टेलिंग और सिंगिंग सेशन ने सभी का मन मोह लिया। कई दादा-दादी ने बच्चों को नैतिक मूल्यों से जुड़ी कहानियाँ सुनाई, जिनसे बच्चों को जीवन के महत्वपूर्ण पाठ सीखने को मिले। वहीं दूसरी ओर, बच्चों और बड़ों ने मिलकर गीत गाए, जिससे पूरे वातावरण में उल्लास और आत्मीयता छा गई। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे अपने दादा-दादी नाना-नानी के साथ समान परिधान पहनकर मंच पर आये। रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। इसके अतिरिक्त फायर-फ्री कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, टेबल टेनिस जैसी कई रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में 300 से अधिक ग्रैंडपेरेंट्स और 150 से अधिक विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। यह दृश्य न केवल विद्यालय परिवार के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए भी गर्व का विषय रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक अंकुर गोयल और प्राचार्या शिम्पी कपूर ने सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "ग्रैंडपेरेंट्स बच्चों के जीवन का सबसे मजबूत स्तंभ होते हैं। उनके अनुभव और संस्कार ही आने वाली पीढ़ी को सही दिशा देते हैं। लिटिल मैनर स्कूल सदैव बच्चों को परंपरा और आधुनिकता का संतुलन सिखाने के लिए ऐसे आयोजनों का हिस्सा बनता रहेगा।" पूरे आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि बच्चों और बड़ों का रिश्ता केवल पारिवारिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण भी है। लिटिल मैनर स्कूल का यह प्रयास निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में भी समाज को परिवार और परंपरा के महत्व का संदेश देता रहेगा।

आवश्यकता है
किताबों की दुकान पर
1. मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
2. हैल्पर की
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें-
रघुवर दयाल एण्ड संस
कचहरी रोड, होटल गैलेक्सी वाली गली, मुजफ्फरनगर

ARWACHIN PUBLIC SCHOOLS
EDUCATION WITH A VISION
ARWACHIN
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Science, Commerce, Art with Computer Science)
Admission Open
NURSERY TO CLASS IX & XI
For Session 2025-26
Limited Seats Available
One of the best English & Hindi Medium Co-Educational Recognised School.
REQUIREMENT
PGT/TGT
Computer Science, Physics, Chemistry, English, Social Study, Hindi, Mathematics for English Medium and Experienced Nursery to UKG Teachers
CONTACT IMMEDIATELY
Rampuram - (Opp. Vikas Bhawan) Muzaffarnagar
Contact: 9760380060,7505500517

Catering Facility Also Available
देशी ठाठ
भूल ना जाना, देशी घी का खाना

Babumoshai...
zindagi mein Khaana
Jabardasth
hona chahiye...
बिना प्याज बिना लहसुन
Packing Only

कचौरी प्लैटर @ 100/- ( छोले, कद्दू , आलू सब्जी , मसाला छाछ, देशी घी की 4 पीठी कचौरी )
छोले भटूरे प्लैटर @ 100 / - ( छोले , मसाला छाछ, देशी घी के 2 भटूरे ) , अचार
चपाती प्लैटर @100 / - ( छोले , कढ़ी पकोड़ा , मसाला छाछ , 4 चपाती, राइस , अचार। )
दुग्ध उत्पाद विक्रय केन्द्र
हमारे यहाँ अपने गऊ फार्म द्वारा उत्पादित शुद्ध दूध, गाय का देशी घी, भैंस का देशी घी
पनीर, मावा, दही, छाछ, लस्सी, रबड़ी, मिल्क केक, मावा पेडा, बर्फी, देशी घी के बेसन लड्डू इत्यादि उपलब्ध है।
शिव मन्दिर, मेन रोड, द्वारिकापुरी, मुज़फ्फरनगर, मो. 9219055701, 7520358701

